प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 34 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 13 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक

## खुशहाल परिवार के लिए

# बचपन से ही धर्म के नियमाचरणों का ज्ञान आवश्यक है



सहजयोग प्रवर्तिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने बच्चों के विकास के लिए किस प्रकार का वातावरण होना चाहिए इसका वर्णन करते हुए कहा है कि, सर्वप्रथम हमें घर को सींचना होगा, घरों को सुसंस्कृत बनाना होगा- अपने बच्चों के लिए एक उपयुक्त घर बनाना आज बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य है, ये किया जाना चाहिए। एक उपयुक्त घर वही है जहाँ आपसी स्नेह सम्बंधों में मधुरता हो, मिल जुलकर रहने का प्यार भरा वातावरण हो जहाँ सब लोग पारिवारिक मर्यादाओं का प्रसन्नता पूर्वक पालन करते हों और सर्वोपरि जहाँ ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा-विश्वास व भक्ति भावना हो। घर की मर्यादा का प्रथम अंग है अभिवादन प्रणाम, नमस्कार। प्रत्येक घर में यह मर्यादा होनी चाहिए कि प्रातः सोकर उठते हुए और रात्रि को शयनार्थ जाते हुए सर्वप्रथम ईश्वरीय शक्ति को नमन करें। परिवार में छोटे अपने से बड़ों को प्रणाम करें व बड़ों के आदेशों का सहर्ष पालन करें। बड़ो को चाहिए कि छोटों को उत्तम, आवश्यक तथा उचित आदेश ही दें और छोटों के निवेदन पर समुचित ध्यान दें। घर के लोग हास विनोद से युक्त हों हँसने और मुस्कराने वाले लोग सबके मन को मोह लेते हैं। तुम सब फूल बनो, फूल के समान सदा प्रफुल्ल रहो।

घर के लोगों को तृप्त यानी अपने जीवन में संतुष्ट होना चाहिए। (घरों में) अपने प्रेममय माता-पिता के माध्यम से बच्चों को जान लेना चाहिए कि पावन तथा निःस्वार्थ प्रेम ही जीवन में महत्वपूर्ण है तथा नैतिकता बहुमूल्यतम सद्गुण है, धन से भी कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। घर में नियमित पूजा-अर्चना, आरती, स्तुति आदि से ऐसा धार्मिक परिवेश बनाएं जिससे बच्चे के मन मे परमात्मा के विषय में जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो। बचपन से ही परमात्मा के साथ उसे जोड़े। उसे बताइये कि ये हम सबके परमपिता हैं, उन्होंने ही सबको बनाया है, वह हमें प्यार करते हैं, रक्षा करते हैं पर उनके नियम कठोर हैं, वह सजा भी देते हैं। सर्वशक्तिमान परमात्मा के नियमाचरणों का ज्ञान बच्चों को होना चाहिए। बच्चों को समझना चाहिए कि कितनी विविधता के साथ परमात्मा ने एक विश्व की रचना की है...और प्रकृति कैसे एक दिव्य अनुशासन बद्ध है।

सहजयोग ध्यान द्वारा बच्चों में इन गुणों को सहज ही विकसित किया जा सकता है व उनके भविष्य को सुसंस्कृत व खुशहाल बनाया जा सकता है। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।




# सत्य, साहस और सरोकारों की निरंतर यात्रा के दस वर्ष

### 14 जनवरी को रणजीत टाइम्स अपने प्रकाशन के दस स्वर्णिम वर्ष पूर्ण कर रहा है

यह अवसर किसी एक समाचार पत्र की वर्षगांठ भर नहीं है, बल्कि उस विचारधारा, उस प्रतिबद्धता और उस साहस का उत्सव है, जिसने पिछले दस वर्षों में पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनाया। रणजीत टाइम्स का यह सफर उन तमाम चुनौतियों, दबावों और बदलावों के बीच तय हुआ है, जहां सच कहना सबसे कठिन होता जा रहा है।

जब रणजीत टाइम्स की शुरुआत हुई, तब उद्देश्य स्पष्ट था-सत्ता, व्यवस्था और समाज के बीच सेतु बनते हुए आम आदमी की आवाज़ को मजबूती देना। बीते दस वर्षों में अख़बार ने इस उद्देश्य को सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म में उतारा। छोटे कस्बों और गांवों की अनसुनी समस्याओं से लेकर बड़े शहरों के जटिल मुद्दों तक, रणजीत टाइम्स ने हर खबर को जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और तथ्यात्मक मजबूती के साथ प्रस्तुत किया। यही कारण है कि यह अख़बार पाठकों के लिए केवल सूचना का साधन नहीं, बल्कि भरोसे का नाम बन सका। रणजीत टाइम्स ने कभी आसान रास्ता नहीं चुना। जहां चुप्पी सुविधाजनक थी, वहां सवाल उठाए गए। जहां समझौते का दबाव था, वहां सच्चाई को प्राथमिकता दी गई। प्रशासनिक लापरवाही हो, भ्रष्टाचार हो, सामाजिक अन्याय हो या जनहित से जुड़े मुद्दे—अख़बार ने बिना भय और पक्षपात के अपनी बात रखी। यही निर्भीकता इसकी पहचान बनी और यही इसकी सबसे बड़ी पूंजी भी है। आज के दौर में, जब पत्रकारिता का बड़ा हिस्सा टीआरपी, सनसनी और बाजारवाद की गिरफ्त में दिखाई देता है, ऐसे समय में रणजीत टाइम्स का संतुलित, संयमित और सरोकारों से जुड़ा रहना एक मिसाल है। खबरों में चीख नहीं, तथ्य हैं। विचारों में उग्रता नहीं, विवेक है। आलोचना में कटुता नहीं, सुधार की भावना है।

यही दृष्टिकोण इसे एक जिम्मेदार अख़बार बनाता है।

### रणजीत टाइम्स की इस सफलता के पीछे एक समर्पित टीम का योगदान है

संपादकीय दृष्टि, संवाददाताओं की जमीनी मेहनत, फोटोग्राफरों की सजग नजर, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों की निष्ठा-सभी ने मिलकर इस अख़बार को मजबूती प्रदान की है। सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखना और उन्हें साकार करना, यही इस संस्थान की कार्यसंस्कृति को दर्शाता है।

दस वर्षों की यह यात्रा यह भी साबित करती है कि यदि इरादे साफ हों और दिशा स्पष्ट हो, तो पत्रकारिता आज भी समाज को दिशा दे सकती है। रणजीत टाइम्स ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी को समझा है और उसे निभाने का सतत प्रयास किया है। यही कारण है कि पाठक इसे अपनी आवाज मानते हैं और इसकी विश्वसनीयता पर विश्वास करते हैं। आज जब रणजीत टाइम्स अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, यह अतीत पर गर्व और भविष्य के प्रति आशा का क्षण है। आने वाले समय में भी यही अपेक्षा है कि यह अख़बार सच्चाई की मशाल को और अधिक प्रखरता से जलाएगा, जनहित की लड़ाई को और मजबूती देगा और समाज को जागरूक करने की अपनी भूमिका निभाता रहेगा। रणजीत टाइम्स के दस वर्ष-यह केवल समय की गणना नहीं, बल्कि ईमानदार पत्रकारिता की उपलब्धि है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर रणजीत टाइम्स परिवार, पाठकों और शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई। सत्य, साहस और सरोकारों की यह यात्रा यूं ही निरंतर आगे बढ़ती रहे।

**गोपाल गावंडे**
प्रधान संपादक



## बसंत पंचमी पर भोज शाला मे सकल पंच रजक समाज द्वारा कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सोंपा



दिलीप पाटीदार

धार / सकल पंच रजक समाज ने आगामी बसंत पंचमी शुक्रवार को नगर की भोजशाला में होने वाले पारंपरिक वसंत उत्सव को लेकर लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अखंड पूजा करने की मांग को लेकर धार कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार जागर सिंह रावत को एक ज्ञापन सोपा एवं मांग की की हिंदू समाज के संघर्ष और भावनाओं को देखते हुए केंद्रीय पुरातत्व विभाग दिल्ली के द्वारा 7 अप्रैल 2003 को आदेश पारित कर हिंदुओं के लिए प्रति मंगलवार एवं बसंत पंचमी के दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूरे दिन के लिए पूजा अर्चना हेतु हिंदुओं को अधिकार प्रदान किये गए थे उक्त आदेश की मूल भावना का आधार हिंदू समाज की भावना एवं परंपरा के अनुसार उक्त तिथि का धार्मिक महत्व है इसी को आधार मानते हुए बसंत पंचमी के दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूरे दिन के लिए पूजा अर्चना का अधिकार प्रदान किया जाए ।ज्ञापन का वाचन सकल पंच रजक समाज अध्यक्ष कैलाश पिपलोदिया द्वारा किया गया ईस अवसर पर समाज के नवयुवक मंडल अध्यक्ष भारत मालवीय समाज के वरिष्ठ व भोज उत्सव समिति अध्यक्ष सुरेश चंद्र जलोदिया, भगवानदास मालवीय, अम्बाराम परमार,कुसुम सोलंकी, अयोध्या बाई सिसोदिया, ज्योति सोनवानिया, गंगा सिंह सिसोदिया,दिलीप पिपलोदिया, कमल पीपलोदीया,संदीप मालवीय, गोपाल मालवीय, राजेश मालवीय, तरुण सिसोदिया, बादल मालवीय, तुलसीराम सौलिया, नरेंद्र सिसोदिया, सुनील पागनिस, धर्मेंद्र कराडे, हंसराज सोनवानिया दीपक कराडे,कृष्णा मालवीय, अभिषेक मालवीय, प्रतिक पीपलोदीया,श्याम पीपलोदीया,पारस पिपलोदीया, गुंजन सोनवानिया, मनीष सोनवानिया, आकाश मोदिया, गोलू मालवीय,रोशन मालवीय, शिवम् मालवीय, धर्मेद्र मालवीय,पियूष मालवीय, मयूर मालवीय, दिनेश पिपलोदिया, तरुण परमार, रुपेश जलौदिया, उपस्थित थे उक्त जानकारी सकल पंच रजक समाज मीडिया प्रभारी अक्षय बारिया द्वारा दी गयी।

# दान, तप व आत्मिक उत्थान ही मकरसंक्रांति का मूल तत्व है



जब सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकरसंक्रांति का पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म में वर्ष को दो अयनों में बांटा गया हैः उत्तरायण और दक्षिणायण। मकर संक्रांति के दिन से सूर्य की उत्तरायण गति प्रारंभ हो जाती है इसलिए मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहते हैं। उत्तरायण को देवताओं का दिन अर्थात् सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए इस दिन जप, तप, दान, स्नान, आदि धार्मिक क्रियाकलापों को विशेष महत्व दिया जाता है। संक्रांति के पर्व पर दान देने का विशेष महत्व बताया गया है। श्री माताजी ने दान दिए जाने की विषय में भी अपनी अमृतवाणी में उल्लेखित किया है , "दान किसे दिया जाए? ऐसा भी प्रश्न खड़ा होता है। यह देखना चाहिए कि हम मुक्त मन से अपने देश के लिए, अपने बंधुओं के लिए, अपने पड़ोसियों के लिए क्या कर रहे हैं? मन रोककर नहीं रखना चाहिए, मन खोलकर पूरी तरह से लुटाना चाहिए। उसका एक विशेष आनंद होता है। इस अवसर पर तिल व गुड़ को हमारी संस्कृति में विशेष महत्व दिया गया है जो कि स्वास्थ्य के लिए ऋतु चर्या के अनुकूल तथा मृदुलता व मिठास का प्रतीक है।

मकर संक्रांति पर सूर्य पूजा का विशिष्ट महत्व है। यह संकेत होता है कि दाता को सूर्य के जैसे अपना भाव रखना चाहिए।श्री माताजी ने वर्णित किया है , "सूर्य के जैसे अपना स्वभाव होना चाहिए। सूर्य क्या करता है , इसका उसे कुछ आभास ही नहीं। उसे कुछ भी पता नहीं परंतु सतत् कर्मों में खड़ा है , सदैव प्रज्वलित रहता है। आपको नित्य प्रकाश देकर, आनंद देकर, संपूर्ण जीवनत्व देकर आप का पालन पोषण करता है। हम प्रतिदिन उसे देखते हैं। बहुत लोग उसे नमस्कार भी करते हैं किंतु मात्र नमस्कार तक। उसमें से कुछ भी हमारे अंदर आता नहीं है। उसकी देने की शक्ति, उसकी क्षमता हमारे अंदर आनी चाहिए। " श्री माताजी ने अनेक बार उपदेशित किया है कि सहजयोगी संत के समान है अतः उनका आचरण भी संत के समान होना चाहिए। उन्हें विश्व कल्याण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए व उसके लिए उद्यम करना चाहिए। संक्रांति के पावन पर्व पर यह प्रण लेना चाहिए कि श्री माताजी की कृपा से व हमारे प्रयास से अनेकानेक लोग आत्मिक उत्थान को प्राप्त हो सकें तथा हम स्वयं भी अपने आत्मिक उत्थान को विकसित कर सकें। अपने अंदर सूर्य की शक्तियों को जागृत कर सकें तथा परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनें। परमात्मा के कार्य का साधन होना अत्यंत गौरव की बात है और इस गौरव का आनंद आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् ही प्राप्त किया जा सकता है। निःशुल्क ध्यान प्रशिक्षण हेतु तथा अपने आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति हेतु जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

## शंभूनाथ विश्वविद्यालय पुराना परिसर में विद्यार्थियों एवं नगर पालिका शहडोल के तत्वावधान में हुआ श्रमदान



रणजीत टाइम्स

शहडोल। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में विद्यार्थियों एवं नगर पालिका शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में साफ सफाई का कार्य किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई एवं स्वच्छता का संदेश जनमानस को दिया एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की शपथ भी दिलाई गई। साफ सफाई के कार्य में नगर पालिका शहडोल का मैदानी अमला एवं शंभूनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे।

## अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 17–18 जनवरी को शिवपुरी में

रणजीत टाइम्स

शिवपुरी। मध्यदेशीय अग्रवाल समाज, शिवपुरी के तत्वावधान में अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को गांधी पार्क, शिवपुरी (मध्यप्रदेश) में किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य समाज के योग्य युवक-युवतियों को एक उपयुक्त मंच प्रदान कर वैवाहिक संबंधों को सहज एवं पारदर्शी बनाना है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के युवक-युवती एवं उनके परिजन शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान परिचय सत्र, पंजीयन व्यवस्था तथा सामाजिक संवाद के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिससे प्रतिभागियों को एक-दूसरे को समझने का अवसर मिल सके। मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी संपर्क बढ़ता है और पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक सोच को बढ़ावा मिलता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। समाज के सदस्यों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस सम्मेलन को सफल बनाएं।

10 YEARS
10 SAAL BEMISAAL

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 13 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक



## पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों को विभिन्न शर्तों के अधीन निर्बंधन सहित, आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुल 10 शातिर बदमाशों के विरुद्ध, किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर, किया गया इंदौर व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित।

07 अन्य बदमाशों के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश जारी कर, थाना हाजरी होने के लिए किया गया पाबंद।

बदमाश आदतन अपराधी है, जिनके विरुध्द पूर्व से पंजीबध्द है- विभिन्न धाराओं के कई गंभीर अपराध।












**रणजीत टाइम्स**

**आदित्य शर्मा**

इंदौर नगरीय क्षेत्र मे अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर तथा 07 अन्य शातिर बदमाशो को थाना हाजरी के लिए निर्बन्धन आदेश जारी किया है। जिसमें विशेष रूप से मानव जीवन व पशु/पक्षियों के लिए घातक प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों के निर्बंधन आदेश कर विभिन्न शर्तो के अधीन पाबंद किया गया है। आदतन बदमाश जो कि आपराधिक प्रवृत्ति के होकर इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इन अपराधियों के विरुध्द विभिन्न गंभीर धाराओं के कई अपराध शहर के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इनके द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगो की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी। उक्त बदमाशो की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों की जांच एवं विचारण उपरांत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त 03 बदमाशों

1. इरफान उर्फ इफ्तेखार उर्फ बाबू टिपिया उम्र 36 वर्ष निवासी 146 ग्रीन पार्क कॉलोनी थाना चदंन नगर इंदौर (अवधि - 01 वर्ष)

2. तनवीर उर्फ तन्नू उर्फ मसूदी पिता अब्दूल गनी उम्र 25 वर्ष निवासी 167 हीना पैलेस कॉलोनी थाना खजराना इंदौर ( अवधि - 06 माह)

3. रोहित पिता विक्रम धनगर उम्र 20 साल निवासी 748/19 मेघदूत नगर थाना हीरानगर इंदौर ( अवधि - 06 माह) उक्त तीनो बदमाशों को निर्धारित अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा उक्त 07 बदमाशों को निर्बंधन आदेश से प्रतिबंधित किया है

1. मनीष पिता कन्हैयालाल अग्रवाल उम्र 38 साल निवासी ईएस 03 स्कीम न 78 थाना लसुडिया इंदौर, को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह)

2. समीर उर्फ सोनू पिता अकील मेव उम्र 21 साल निवासी मेवाती मोहल्ला इंदौर थाना चदंन नगर को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह)

3. सलमान पिता अब्दुल सईद कुरैशी उम्र 30 साल निवासी 11 नम्बर लालगली थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि-01 वर्ष)

4. रवि उर्फ काला पित राजू सितोले उम्र 31 साल, निवासी राहुल गांधी नगर थाना भवंरकुआ इंदौर को (अवधि-01 वर्ष)

5. मोहित उर्फ बिट्टू पिता प्यारेलाल नरवले उम्र 28 साल निवासी म न 28 जोशी मोहल्ला थाना जूनी इंदौर। (अवधि-01 वर्ष)

6. राहुल पिता रामलाल सोलंकी उम्र 32 साल, निवासी 457 भवानी नगर थाना बाणगंगा इंदौर (अवधि-06 माह)

7. अमन उर्फ लाला उर्फ ऋषिराज पिता सियाराम चंदले उम्र 25 साल निवासी- 540 न्यू गौरी नगर थाना हीरानगर इंदौर (अवधि-06 माह)

उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों के तहत बदमाशों को- निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने देना होगी हाजिरी। अवैधानिक गतिविधियों में नही रहेंगे संलिप्त। शहर में लोकशांति को भंग करने का नही करेंगे कोई कार्य, आदि प्रतिबंधात्मक शर्ते लगाई गई है। बदमाशो द्वारा उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ श्री अजय प्रताप बुंदेला द्वारा की गई।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर धार में युवा दिवस, सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित

**दिलीप पाटीदार**

धार स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को धार जिला मुख्यालय स्थित किला ग्राउंड में युवा दिवस के रूप में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, धार जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, जिला प्रशासन के अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के वर्चुअल उद्बोधन के प्रसारण से हुआ। इसके पश्चात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा



कि वर्तमान समय में युवा वर्ग पुस्तकों की अपेक्षा मोबाइल पर अधिक समय व्यतीत कर रहा है, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना जरूरी है। धार जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। युवाओं को चाहिए कि वे अपना एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर आगे बढ़ें और भटकाव से दूर रहें।

## राजगढ़ मेला मैदान से नगर परिषद का पानी का टैंकर चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दिलीप पाटीदार**

राजगढ़ ( सरदारपुर ) राजगढ़ नगर के मेला मैदान क्षेत्र से नगर परिषद राजगढ़ का पानी का टैंकर को चोरी करने वाले आरोपी को राजगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर टैंकर जप्त किया। राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि 6 जनवरी कि रात्रि में राजगढ़ के मैला मैदान से अज्ञात बदमाशों ने नगर परिषद का पानी का टैंकर चुराकर ले गए थै। मामले में प्रकरण दर्ज कर पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में कार्रवाई हेतु लगातार थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था घटनाक्रम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारुल बेलापुरकर के निर्देशन,व एसडीओपी सरदारपुर श्री विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजगढ़ श्री समीर पाटीदार द्वारा उक्त अपराध में टीम का गठन किया गया। उक्त गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि हाईवे




चौकड़ी से आगे कंजरोटा रोड पर एक लाल रंग का मेसी कंपनी का ट्रैक्टर, हरे रंग का टैंकर के साथ में कंजरोटा रोड तरफ जा रहे हैं ,गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त टैंकर व ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ की गई वह थाने पर लाया गया, ट्रैक्टर चालक सत्यम पिता राधू निनामा से सख्ती से पूछताछ करने पर उसके साथी बाल अपचारिक के द्वारा सोसाइटी ग्राउंड मेला मैदान से टैंकर को चोरी करना बताया, वह टैंकर को हरे रंग से पुताई करना बताया । ट्रैक्टर व टैंकर को विधिवत जप्त कर आरोपी सत्यम पिता राधू निनामा निवासी बोरखेड़ी थाना अमझेरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया । उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना राजगढ़ से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ठाकुर,जितेन सांखला,प्रधान आरक्षक नीरज मिश्रा, आरक्षक दिलीप,सैनिक रतन,सैनिक जगदीश की सराहनीय भूमिका रही ।

# नशे पर वारः थाना कनाडिया की बड़ी कार्रवाई, MD ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**राजेश धाकड़**

इंदौर। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कनाडिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध रूप से MD ड्रग्स की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी महिंद्रा थार वाहन से इंदौर शहर में MD जैसे नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5.15 ग्राम MD ड्रग एवं एक महिंद्रा थार कार जब्त की है। जब्तशुदा मशरूका की कुल कीमत करीब 17 लाख रुपये आंकी गई है। मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध क्रय-विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेंद्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना कनाडिया पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई।



### ऐसे पकड़ा गया आरोपी

दिनांक 11 जनवरी 2026 को रात्रि भ्रमण के दौरान डीपीएस-05, फीनिक्स मॉल रोड के सामने मेन रोड के पास एक थार कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। वाहन में बैठे व्यक्ति से पूछताछ करने पर वह घबरा गया। तलाशी लेने पर उसके हाथ में मौजूद पारदर्शी पॉलीथिन में सफेद नमक जैसा पदार्थ पाया गया, जो जांच में अवैध मादक पदार्थ MD ड्रग निकला। दिनांक 12 जनवरी 2026 की रात्रि आरोपी को 5.15 ग्राम MD ड्रग (कीमत लगभग 65 हजार रुपये) सहित गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

आबान पिता मोहम्मद शकील, उम्र 27 वर्ष निवासी – कोहिनूर कॉलोनी, भोपाल कानूनी कार्रवाई मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध क्रमांक29/26,धारा8/22एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से MD ड्रग के स्रोत व नेटवर्क को लेकर सघन पूछताछ की जा रही है। जप्त मशरूका 5.15 ग्राम MD ड्रग महिंद्रा थार कार कुल कीमत – लगभग 1.70 लाख रुपये

सराहनीय भूमिका-इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सहर्ष यादव,उप निरीक्षक दीपक पालिया, सहायक उप निरीक्षक दिलीप बागलावत,आरक्षक जगदीश डांगी, शुभम मिश्रा एवं विजय सिकरवार की अहम भूमिका रही।

---

**"SAY NO TO CHINESE MANJHA"**

## नगरीय पुलिस ज़ोन-02 द्वारा चलाया "SAY NO TO CHINESE MANJHA" अभियान

**रणजीत टाइम्स**

**आदित्य शर्मा**

जोन 2 क्षेत्रांतर्गत सभी थाना क्षेत्रों मे जन संवाद में चाइनीज मांझा का उपयोग ना करने की दी गई समझाईश चाइनीज मांझा क्रय/विक्रय व उपयोग पर प्रतिबंध होने की दी गई जानकारी प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की जाएगी नियमानुसार कठोर कानूनी कार्यवाही

इंदौर। मानव जीवन तथा पशु-पक्षियों के जीवन को संकट में डालने वाले नायलॉन वाली डोर तथा शासन द्वारा प्रतिबंधित/चाइनीज मांझा के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु हरसंभव प्रयास के साथ ही, इनके क्रय-विक्रय व उपयोग करने वालो की धरपकड करने एव उचित व प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह के के मार्गदर्शन में, जोन-2 क्षेत्रांतर्गत "SAY NO TO CHINESE MANJHA" विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे थाना कनाडिया क्षेत्र के अंतर्गत संचार नगर स्थित पतंग की दुकानों पर चाइनीज मांझा चेक किया जो नहीं मिला , दुकानदार और खरीददारों को चाइनीज मांझा के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध की जानकारी दी। अवैध रूप से चाइनीज मांझा विक्रय करते पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही के संबंध में बताया गया।

थाना परदेशीपुरा क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला मीटिंग शिव शक्ति नगर में ली गई जिसमें चाइना धागे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई एवं प्रतिबंधित मांझा उपयोग ना करने की समझाइश दी गई। थाना विजय नगर पुलिस द्वारा मेघदूत गार्डन के सामने युवाओं से जन संवाद किया गया जिसमें चाइनीज मांझा का उपयोग ना करने एवं चाइनीस मांझा विक्रय पर प्रतिबंध होने की जानकारी दी गई एवं चाइनीस मांझा विक्रय संबंधी जानकारी पुलिस को देने की समझाइश दी गई। पुलिस थाना एमआईजी द्वारा प्रतिबंध चाइनीज मांझा के विक्रय एवं उपयोग पर जागरूकता हेतु एल आई जी क्षेत्र तथा प्रेस कांप्लेक्स मैं पैदल रैली निकाली गई।



**जनहित में इंदौर पुलिस की अपील**

जीवन चुनें, मांझा नहीं: आपका शौक किसीकीजानकीकीमतपरनहीहोनाचाहिये। पतंगबाजी के लिए केवल पारंपरिक सूती धागे (मांझे) का उपयोग करें।

**:: सूचना दें ::**

यदि आपके क्षेत्र में कोई गुपचुप तरीके से इसे बेच रहा है, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या इंदौर पुलिस के क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर 7049108283 पर सूचित करें। आपकी एक सूचना किसी की जान बचा सकती है।

इसका उपयोग व विक्रय न करने की समझाईश के साथ ही उल्लंघन पर कठोर कार्यवाही के संबंध में भी लोगो को बताया गया। इसी प्रकार सभी थाना क्षेत्रों में लगातार चाइनीज मांझे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ ही इसका क्रय/विक्रय करने वालों के विरुद्ध प्रभावी व कठोर वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही हैं।

---

## इंदौर के सिमरोल में पौने दो करोड़ की एक्सपायर बीयर नष्ट, आबकारी विभाग की सख्त और पारदर्शी कार्रवाई



**रणजीत टाइम्स**

**आदित्य शर्मा**

इन्दौर जिले के सिमरोल क्षेत्र स्थित माउण्ट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमिटेड, मेमदीग्राम में एक्सपायर हो चुकी बीयर के नष्टीकरण की बड़ी कार्रवाई को आबकारी विभाग द्वारा नियमानुसार और पूर्ण पारदर्शिता के साथ अंजाम दिया गया। निर्धारित नियमों एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न ब्राण्डों की 23154 पेटियों में भरी 2 लाख 23 हजार 316 लीटर एक्सपायर बीयर, जिसका डिस्टलरी मूल्य लगभग पौने दो करोड़ रुपये आँका गया है, का नष्टीकरण किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यवाही उपायुक्त आबकारी श्री संजय तिवारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की गई। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि उक्त बीयर मध्यप्रदेश सहित दिल्ली, असम एवं महाराष्ट्र राज्यों में आपूर्ति हेतु निर्मित की गई थी, लेकिन समय पर मांग प्राप्त न होने के कारण निर्धारित अवधि में निर्यात नहीं हो सका। निर्माण तिथि से छह माह से अधिक समय पूर्ण हो जाने पर इकाई प्रभारी द्वारा इसकी सूचना आबकारी विभाग को दी गई। आबकारी विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए नष्टीकरण की कार्रवाई प्रारम्भ की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक्सपायर बीयर का किसी भी स्तर पर विक्रय या आपूर्ति न हो सके तथा जन स्वास्थ्य और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा बनी रहे।

**इसके तहत स्टॉक का सत्यापन, गणना एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कर विभागीय निगरानी में नष्टीकरण किया गया**

तीन दिवस तक चली इस कार्यवाही में 10, 11 एवं 12 जनवरी 2026 को बोतलों में भरी बीयर को बहाकर तथा केन में भरी बीयर को बुल्डोजर एवं जेसीबी मशीन से कुचलकर नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई। नष्टीकरण के दौरान गठित समिति में उपायुक्त आबकारी श्री संजय तिवारी, सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी, इकाई प्रभारी अधिकारी श्रीमती प्रतीक्षा शर्मा सहित श्री धर्मेन्द्र जोशी, श्री जहांगीर खान, श्री राजेश जैन, श्री आर.एस. पुरोहित, समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती मीना माल एवं आबकारी आरक्षकगण उपस्थित रहे।

# विशाल वाहन यात्रा का आयोजन



**सह सम्पादक -दीपक वाड़ेकर**

इंदौर विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत पंचवटी कॉलोनी में आज 11 जनवरी रविवार को विशाल वाहन यात्रा का आयोजन हिंदू विराट सम्मेलन के संयोजक कैलाश चौहान द्वारा भव्य विशाल वाहन यात्रा निकल गई जिसके प्रभारी पुष्पेंद्र तिवारी प्रद्युम्न जैन निलेश पाराशर थे सुमित गुप्ता दीपेश शर्मा सुषमा पटेल राजन शर्मा संदीप लोधी आदि यात्रा में सैकड़ो वाहन द्वारा यात्रा को पंचवटी कॉलोनी से लेकर लसूडिया तक घुमाया गया सैकड़ो वाहनों ने अपने वाहनों पर केसरिया झंडे लगाए और जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे के साथ यात्रा को पूरे क्षेत्र में घुमाया।

# मारुति कुश्ती संघ निकाल रहा मल्लयुद्ध के परंपरागत योद्धा

**9 वर्ष के शौर्य वीर मोड़ने मल युद्ध जिसको की नई भाषा में ग्रेपलिंग के नाम से जाना जाता है नेशनल में भी कई पदक जीते छोटे योद्धा के दाव देखकर आश्चर्य में हो जाते हैं दर्शक**

**दिलीप पाटीदार**

धार के मारुति नंदन कुश्ती संघ जो की एक निजी सेवाभावी संस्थान है जिसके प्रशिक्षक अनु पाल नोनीहालों को मल युद्ध में पारंगत कर रहे हैं प्रशिक्षक अनु पाल के प्रशिक्षण से धार के कई बच्चों ने गोल्ड तथा रजत पदक राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया सीमित संसाधनों के बाद भी एक निजी संस्था के द्वारा इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करना धार के लिए एक वरदान से काम नहीं है अब



बैडमिंटन के साथ-साथ ग्रैप्लिंग जिसे की प्राचीन भाषा में मल्लयुद्ध कहा जाता था नई प्रतिभाएं निखरकर सामने आ रही है ऐसी ही एक बहुत कम उम्र की प्रतिभा है शौर्य वीर मोड जिसने अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड रजत एवं कई कांस्य पदक जीते हैं आगे शौर्य वीर बताते हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड लाने की इच्छा उनके मन में नियमित प्रशिक्षण कोच का उच्च मार्गदर्शन शायद यह बच्चा अपने सपनों को साकार कर सकता है पर शासन के उदासीनता खिलाड़ी बहुत कम संसाधनों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं यदि शासन की ओर से उचित व्यवस्था इन खिलाड़ियों के लिए कर दी जाए तो धार भी अब ग्रेपलिंग में अपनी प्रतिभा सिद्ध कर सकता है।




रणजीत टाइम्स

## Best Performer Award से सम्मानित अमोल शेंडोकर



मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के Executive Vice President (Marketing & Sales Head) श्री त्सुयोशी ताकेशिता (Mr. Tsuyoshi Takeshita) द्वारा अमोल शेंडोकर को Best Performer Award से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। अमोल शेंडोकर की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

# गौशाला निर्माण अधूरा,बना भ्रष्टाचार का गढ़

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। जिले के बुढ़ार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगांव में गौशाला निर्माण कार्य भ्रष्टाचार का शिकार हो चुका है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 में मनरेगा योजना के अंतर्गत गौशाला निर्माण के लिए लाखों रुपये स्वीकृत और आहरित किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी अधूरी चारदीवारी और टूटे-फूटे ढांचे के रूप में सामने है। मनरेगा पोर्टल के अनुसार गौशाला निर्माण के लिए दर्जनों मास्टर रोल जारी कर मजदूरी व सामग्री मद में भुगतान किया जा चुका है।लेकिन मौके पर न तो गौशाला की दीवारें पूरी हैं, न ही अंदर कोई व्यवस्था। जगह-जगह गिट्टी और ईंटों के ढेर पड़े हैं और निर्माणाधीन दीवारें आधी-अधूरी छोड़ दी गई हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधि



और अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि तो निकाल ली गई, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। जिस कारण गौशाला आज तक खंडहर जैसी हालत में है आलम ये है कि चोरों द्वारा कालम की छण तक काट ली गई है।

## स्थिति चिंताजनक

अधूरी चारदीवारी, गिरती ईंटें

घटिया गुणवत्ताविहीन निर्माण, दीवारें सेड लगने से पहले हि टूट गई। सरकारी धन का दुरुपयोग साफ दिखाई देता है ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख़्त कार्रवाई की जाए। साथ ही गौशाला का शेष कार्य जल्द पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र की आवारा गायों को सहारा मिल सके। जिम्मेदारी अधिकारियो पर आज तक कोई कार्रवाई न होना उच्च अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल उठाता है।

# रेल्वे पुलिस द्वारा अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई



शहडोल रेल्वे पुलिस द्वारा रेल्वे स्टेशन परिसर में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए रेलवे पुलिस ने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि स्टेशन परिसर में अव्यवस्था और जाम से बचने के लिए वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। आगे भी नियम तोड़ने वालों पर इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। रेल्वे पुलिस के अनुसार कई बार समझाने के बाद भी वाहन चालक नहीं माने जिसके चलते ये कार्यवाही करनी पड़ी।




लोहड़ी का त्योहार हर साल मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है। यह पंजाब और हरियाणा में विशेष रूप से धूमधाम से मनाया जाने वाला एक लोकप्रिय त्योहार है। इस दिन शाम के समय लोग एक साथ मिलकर पवित्र अग्नि जलाते हैं। इस अग्नि को लोहड़ी की अग्नि कहा जाता है। अब ऐसे में इस पवित्र अग्नि में क्या डालने से लाभ हो सकता है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

लोहड़ी का त्योहार विशेषकर पंजाब और हरियाणा में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार का नाम तिलोहड़ी शब्द से लिया गया है, जो तिल और रोरही गुड़ शब्दों के मेल से बना है। इस त्योहार के पीछे कई पौराणिक और ऐतिहासिक कथाएं जुड़ी हुई हैं, लेकिन इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना और नई फसल का स्वागत करना है। लोहड़ी मुख्य रूप से किसान समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह त्योहार रबी की फसल के कटने के बाद मनाया जाता है, इसलिए इसे फसल का त्योहार भी कहा जाता है। किसान अपनी कटी हुई फसल को अग्नि देवता को अर्पित करते हैं और एक समृद्ध वर्ष की कामना करते हैं। आपको बता दें, लोहड़ी को नए साल की शुरुआत के रूप में भी देखा जाता है। यह त्योहार सर्दियों के मौसम के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस दिन लोग आग के चारों ओर नृत्य करते हैं और गीत गाते हैं। लोहड़ी की रात को साल की सबसे लंबी रात माना जाता है, जिसे शीतकालीन संक्रांति भी कहते हैं। इस दिन के बाद से दिन लंबे होने लगते हैं और सर्दी का प्रकोप कम होने लगता है। अब ऐसे में लोहड़ी की अग्नि में क्या डालना शुभ माना जाता है।

## लोहड़ी की अग्नि में डालें मूंगफली

मूंगफली को अन्न का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर किसान अपनी फसल की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं और आने वाले समय में अच्छी फसल की कामना करते हैं। मूंगफली को सूर्य देव को अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि सूर्य देव की कृपा से फसल अच्छी होती है। मूंगफली को समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर लोग अपने घर में सुख-समृद्धि लाने की कामना करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, मूंगफली को देवी लक्ष्मी का प्रिय फल माना जाता है। इसलिए लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर लोग देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करते हैं।

## लोहड़ी की अग्नि में डालें रेवड़ी

हिंदू धर्म में अग्निदेव को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी डालकर लोग अग्निदेव को प्रसन्न करते हैं और उनसे सुख-समृद्धि



की कामना करते हैं। मान्यता है कि लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी डालने से बुरी शक्तियां नष्ट होती हैं और घर में सुख-शांति आती है। कई लोगों का मानना है कि लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ी डालने से बच्चों पर कोई संकट नहीं आता और वे स्वस्थ रहते हैं।

## लोहड़ी की अग्नि में डालें काले तिल

ज्योतिष शास्त्र में काले तिल को नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि नजरदोष से छुटकारा पाने के लिए लोहड़ी के दिन काले तिल लोहड़ी की आग्नि में डालकर अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हैं।

## संपादकीय

समाज में बदलते रिश्ते और खत्म होता अपनापन
रिश्ते कभी समाज की सबसे मजबूत नींव हुआ करते थे,
जहाँ नाम से पहले अपनापन बोला जाता था।
आज वही रिश्ते
औपचारिकताओं की फ़ाइल में बंद होते जा रहे हैं।
हम एक ऐसे दौर में खड़े हैं
जहाँ घर बड़े हो गए,
पर दिल सिकुड़ते चले गए।
जहाँ "मेरे अपने"
संपर्क सूची तक सीमित रह गए।
पहले दुख साझा होता था,
आज सिर्फ़ स्टेटस अपडेट होता है।
पहले हालचाल पूछा जाता था,
आज "Seen" ही जवाब बन गया है।
समाज ने प्रगति तो की,
पर संवेदनाएँ पीछे छूट गईं।
रिश्तों में समय नहीं रहा,
और बिना समय के
अपनापन ज़िंदा कैसे रहे?
माँ-बाप बोझ कहे जाने लगे,
भाई-बहन औपचारिक रिश्ते बन गए।
पड़ोसी अजनबी हो गए,
और दोस्त काम के हिसाब से चुने जाने लगे।
यह केवल रिश्तों का संकट नहीं है,
यह संवेदना का पतन है।
यह सवाल है हमारे ज़मीर से-
क्या हम इंसान हैं
या सिर्फ़ व्यस्त मशीन?
फिर भी उम्मीद पूरी तरह मरी नहीं है।
आज भी जब कोई
बिना स्वार्थ साथ खड़ा होता है,
तो लगता है-
इंसान अब भी ज़िंदा है।
ज़रूरत है
फिर से सुनने की,
फिर से समझने की,
और रिश्तों को
फिर से जीने की।
क्योंकि समाज
इमारतों से नहीं,
रिश्तों से बनता है।

| गोपाल गावंडे | कवि

(रणजीत टाइम्स)

## अब हो जा सहज

यह दुनिया सरोवर है,सरिता है,सागर है,
तेरा वजूद क्या,केवल छलकती गागर है,

ये धरती,नदी,आसमान सभी है मेजमान,
कुछ नहीं इनमें तेरा,तु इनका है मेहमान,

फिर क्यों ?इतराये करे तु इतना अभिमान।
दूसरे की वस्तु के लिये,होता हमेशा झगड़ा,

जो मिला उसमें हो संतोष,फिर क्या लफड़ा
जो तेरा है वह तेरा है,तुझको तो मिलेगा न,

जो तेरा नहीं है तो नहीं,क्यों होता परेशान,
और क्यों ! इतराये करे तु इतना अभिमान।

खुद के अंदर तो देखने की फुर्सत ही नहीं,
और तु चाँद सितारे छूने की बात करता हैं,

सम्मान करता नहीं,तु अपने माता पिता का,
और तु रखे सारी दुनिया जितने का अरमान,

अरे क्यों? इतराये करे तु इतना अभिमान।

हर पल उम्र की सीढ़ी चढ़ता ही जा रहा है,
फिर भी स्पर्धा एवं ईर्ष्या है तेरे मन मे बसी,

छूटे ना समय,पता नहीं कल कहाँ सवेरा है,
बढ़ाये चल कदम,है जब तक तेरे अंदर जान,

न तु इतराना,नहीं कभी भी करना अभिमान ।

विपिन जैन "श्रीजैन"

218, श्री मंगल नगर बंगाली चौराहा



# अमानत में खयानत का गंभीर मामला, लसूडिया थाना क्षेत्र में पीड़ित की नहीं हो रही सुनवाई

राजेश धाकड़



आरोपी मनीष ओटकर

इंदौर। शहर के लसूडिया थाना क्षेत्र से अमानत में खयानत का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां पीड़ित को शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। पीड़ित राजेश विश्वकर्मा ने मनीष कुमार नामक व्यक्ति पर धोखाधड़ी और विश्वासघात के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार ने उससे करीब 12,000 की आवश्यकता बताते हुए संपर्क किया था। मनीष ने यह कहकर भरोसा दिलाया कि उसे दो दिनों के लिए बाहर जाना है और वह किराए पर वाहन की व्यवस्था चाहता है। इस पर राजेश विश्वकर्मा ने विश्वास करते हुए 1500 प्रतिदिन के हिसाब से गाड़ी किराए पर दिलवा दी।





राम पाटिल एवं राजेश विश्वकर्मा

कुछ समय बाद मनीष कुमार की नीयत बदल गई। उसने गाड़ी अपने पास रखने की बात कहते हुए पीड़ित से 12,130 की मांग की और कहा कि रकम देने पर ही गाड़ी वापस की जाएगी। पीड़ित द्वारा खाते में 12,000 रुपये जमा कराने के बावजूद मनीष ने गाड़ी लौटाने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उसने उल्टे 8,000 रुपये की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी। पीड़ित राजेश विश्वकर्मा का आरोप है कि बार-बार संपर्क करने के बावजूद मनीष कुमार न तो गाड़ी वापस कर रहा है और न ही पैसे लौटाने को तैयार है। मजबूर होकर पीड़ित ने 1 जनवरी को लसूडिया थाने में लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि वह लगातार थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। न्याय की आस में भटक रहे पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले को कितनी गंभीरता से लेती है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाती है, या फिर पीड़ित यूं ही न्याय के लिए भटकता रहेगा।

# नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित होंगी 5 विभूतियां



Dr.DK Vaghela



Pooja Dave



Balakdas ghuraiya



Aaditya tiwari



Sandeep kale

रणजीत टाइम्स

इंदौर। नेताजी सुभाष मंच , श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा 23 जनवरी को नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाली 5 विभूतियों को नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। इस बार से नेताजी सुभाष की जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम होंगे। नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया , ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि 23 जनवरी को सुभाष अलंकरण समारोह संयोजित होगा। इसमें डॉ. दिलीप वाघेला को पर्यावरण संरक्षण, श्रीमती पूजा दवे को समाजसेवा, बालक दास घोरेया को समाजसेवा, आदित्य तिवारी को गायक और यातायात जागरूकता और संदीप काले को समाज सेवा कार्य के लिए नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। समारोह 23 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से इंडियन कॉफी हाउस, रीगल तिराहा, रानी सराय पर होगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा वितरण होगा। 28 जनवरी को पौधारोपण और 30 जनवरी को देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी।

# इंदौर : क्या गुंडों की 'जेब' में है कानून?


## वार्ड 19 के पार्षद पुत्र का गरीब परिवार पर खूनी तांडव, सरकारी जमीन पर अवैध वसूली का काला साम्राज्य!

**सह सम्पादक -दीपक वाड़ेकर**

इंदौर (बाणगंगा): मध्य प्रदेश के इंदौर शहर से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने 'सुशासन' के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। थाना बाणगंगा के अंतर्गत दीपमाला काकड़ क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 19 की पार्षद श्रीमती संध्या जायसवाल के पुत्र मासूम जायसवाल पर सत्ता के नशे में चूर होकर एक गरीब परिवार को बर्बाद करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

### हफ्ता वसूली और दहशत का खेल

पीड़ित महिला सोनू शर्मा, जो मजदूरी कर अपने दो बेटों और वृद्ध मां का पेट पालती है, आज न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। आरोप है कि पार्षद पुत्र मासूम जायसवाल ने महिला को घर में रहने के बदले 3 लाख रुपये की फिरौती मांगी। धमकी दी गई कि पैसे नहीं दिए तो नगर निगम के बुलडोजर से घर जमींदोज कर दिया जाएगा। डर के साये में जी रही महिला ने इधर-उधर से जोड़कर 1 लाख रुपये मासूम को दे दिए, लेकिन लालच की भूख यहीं शांत नहीं हुई।




### पुलिस और पार्षद पुत्र का 'गठबंधन'?

जब प्रताड़ना असहनीय हो गई, तो महिला बाणगंगा थाने पहुंची। लेकिन आरोप है कि खाकी ने फर्ज निभाने के बजाय पार्षद पुत्र की 'मुखबिरी' की। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बजाय मासूम जायसवाल को खबर कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि शिकायत से बौखलाए पार्षद पुत्र ने अपनी माँ के पद का दुरुपयोग करते हुए महिला के बेटे हितेश (गोलू) पर ऑफिस में तोड़फोड़ का झूठा केस दर्ज कराकर उसे जेल भिजवा दिया।

### रात के अंधेरे में गुंडागर्दी

**अत्याचार की पराकाष्ठा यहीं खत्म नहीं हुई। आरोप है कि रात के अंधेरे में मासूम जायसवाल ने अपने गुंडों को भेजकर महिला के मकान की दीवार तुड़वा दी। अब राजनीतिक रसूख के दम पर आरोपी कोर्ट में आपत्ति लगाकर बेटे की जमानत तक नहीं होने दे रहा है।**

### शासकीय जमीन पर 'कब्जा माफिया' का राज

स्थानीय लोगों और पीड़ित के अनुसार, मासूम जायसवाल की नजर दीपमाला काकड़ की कीमती सरकारी जमीन पर है। वह राजनीतिक रसूख के दम पर शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर फर्जी तरीके से प्लाट बेच रहा है और अवैध निर्माण करवा रहा है। जो गरीब बीच में आता है, उसे पुलिस और पार्षद पद की धौंस दिखाकर कुचल दिया जाता है।

### मुख्यमंत्री यादव से न्याय की गुहार

पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है। महिला का सवाल सीधा है-"क्या आज के दौर में गरीबों के लिए कोई कानून नहीं है? क्या राजनेता अपनी जेब में कानून रखकर किसी का भी घर उजाड़ देंगे?" अब देखना यह है कि प्रशासन इस 'कब्जा माफिया' और 'वसूली भाई' बने पार्षद पुत्र पर क्या कार्रवाई करता है या फिर गरीब की चीखें सत्ता के शोर में दबा दी जाएंगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )